# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा

## (शिक्षा विभाग)

## सूचना

### घंटी आधारित DMFT अनुशिक्षक (Tutor) की आवश्यकता

पश्चिमी सिंहभूम जिला अन्तर्गत संचालित सरकारी उच्च विद्यालयों एवं +2 उच्च विद्यालयों में कक्षा 09–10 एवं 11–12 के विद्यार्थियों के अध्ययन में सहयोग के निमित घंटीवार अतिरिक्त कक्षा/ ट्यूशन के लिए अनुबंध आधारित DMFT अनुशिक्षक (Tutor) की आवश्यकता है। अनुशिक्षक Empanelment हेतु अपेक्षित है कि अनुशिक्षक का संलग्नीकरण उनके निवास स्थान से नजदीकी विद्यालय में किया जायेगा, अतः यह आवेदन केवल पश्चिमी सिंहभूम जिले के स्थानीय निवासी के लिए उपलब्ध होगा। स्थानीय निवास के प्रमाण हेतु आवासीय प्रमाण–पत्र/आधार कार्ड(जिसमें पश्चिमी सिंहभूम का पता अद्यतन हो)/मतदाता पहचान पत्र (जिसमें पश्चिमी सिंहभूम का पता अद्यतन हो) मान्य होगा। उक्त के निमित जिला स्तर पर Empanelment के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है–

| विषय | | कार्यावधि एवं मानदेय | न्यूनतम आवश्यक योग्यता |
|---|---|---|---|
| कक्षा–09–10 | कक्षा–11–12 | | |
| –गणित<br>–भौतिक विज्ञान<br>–जीव विज्ञान<br>–रसायन विज्ञान<br>–अर्थशास्त्र<br>–इतिहास<br>–नागरिक शास्त्र<br>–अंग्रेजी<br>–हिन्दी<br>– भूगोल | –गणित<br>–भौतिक विज्ञान<br>–जीव विज्ञान<br>–रसायन विज्ञान<br>–इतिहास<br>–भूगोल<br>–अंग्रेजी<br>–संस्कृत<br>–वाणिज्य/ एकांउटेन्सी | • 200/– रूपये प्रति घंटी (प्रति कक्षा) कक्षा– 09 एवं 10 के लिए<br>• 250/– रूपये प्रति घंटी (प्रति कक्षा) कक्षा– 11 एवं 12 के लिए<br>• प्रति घंटी 45 मिनट की अवधि की होगी | • कक्षा 09–10 हेतु संबंधित विषय में स्नातक उत्तीर्ण<br>• कक्षा 11–12 हेतु संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उत्तीर्ण<br>• गणित/ विज्ञान विषयों हेतु B.E./ B.Tech. डिग्रीधारी भी आवेदन दे सकते हैं।<br>• सभी शैक्षणिक योग्यता (मैट्रिक/इंटर/स्नातक/ स्नातकोत्तर) में न्यूनतम 50 प्रतिशत प्राप्तांक अनिवार्य होगा। |

**आवेदन करने एवं परीक्षा हेतु तिथिः–**

| | |
|---|---|
| आवेदन करने की तिथि | 12.07.2025 से 22.07.2025 तक |
| परीक्षा की तिथि | 27.07.2025 |
| कुल रिक्ति | 300 |

5

Empanelment List के लिए विषयवार अनुशिक्षक की आवश्यकता:–

| Level | Subject | Required |
|---|---|---|
| IX-X | English | 15 |
| | Mathematics | 30 |
| | Physics | 30 |
| | Biology | 30 |
| | Chemistry | 30 |
| | History | 10 |
| | Civics | 10 |
| | Economics | 15 |
| | Geography | 15 |
| | Hindi | 05 |
| | **Sub Total** | **190** |
| XI-XII | Physics | 20 |
| | Mathematics | 20 |
| | Chemistry | 15 |
| | Biology | 20 |
| | Geography | 10 |
| | History | 05 |
| | English | 05 |
| | Commerce/ Accountancy | 10 |
| | Sanskrit | 05 |
| | **Sub Total** | **110** |
| **Grand Total:-** | | **300** |

नोटः–

- पश्चिमी सिंहभूम जिला के आधिकारिक वेबसाईट www.chaibasa.nic.in पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। डाक अथवा हाथो–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि–22.07.2025 है। इसके उपरांत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- ऑनलाईन आवेदन हेतु आवेदन शुल्क 200/– रूपये मात्र देय होगा।
- अनुशिक्षकों की संख्या आवश्यकतानुसार घटाई/ बढ़ाई जा सकती है।

<u>चयन की प्रक्रिया एवं शर्त्तें</u>–

1. ऑनलाईन प्राप्त आवेदन के आलोक में योग्य उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद अभ्यर्थियों का OMR आधारित (OMR BASED) परीक्षा ली जाएगी तथा परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की मेधा सूची से Empanelment List तैयार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विषयवार प्रतीक्षा सूची भी तैयार किया जायेगा।
2. जाँच परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी ही Empanelment के लिए योग्य होंगे।
3. मेधा सूची तैयार करते समय यदि दो या दो से अधिक अभ्यर्थी यदि समान अंक प्राप्त करते है तो ऐसे अभ्यर्थियों की परस्पर योग्यता निम्नानुसार निर्धारित की जाएगी:–
   - जन्म तिथि के अनुसार अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को दूसरे की तुलना में वरीयता दी जाएगी।
   - यदि जन्म तिथि भी समान हो तो अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में पहले अक्षर से शुरू होने वाले नाम के आधार पर उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।

4. विद्यालय में विषयवार आवश्यकतानुसार अतिरिक्त कक्षा/ ट्यूशन हेतु प्राप्त आवेदन के अनुसार जाँच परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची तैयार की जाएगी तथा उक्त अनुसार चयन समिति के द्वारा ट्यूटर को विद्यालय में संलग्न कर घंटीवार पढ़ाने हेतु अनुमति दी जाएगी।
5. यह मेधा सूची मात्र वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए ही मान्य है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक मूल्यांकन, अधिगम क्षमता में सुधार एवं ट्यूटर की दक्षता को देखते हुए यह सेवा समय–समय पर प्रत्येक तीन माह के अन्तराल पर शैक्षणिक सत्र 2025–26 तक विस्तारित किया जा सकेगा। पुरी प्रक्रिया को कभी भी चयन समिति द्वारा रद्द किया जा सकता है।
6. किसी भी अभ्यर्थी के द्वारा इस चयन को स्थायी करने/विस्तारित करने/किसी अन्य पद पर रखने हेतु भविष्य में कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा तथा बीच में किसी भी समय बिना सूचना के हटाया जा सकेगा।
7. न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमशः 21 वर्ष और 60 वर्ष होगी तथा उम्र की गणना 01.07.2025 के आधार पर किया जाएगा।
8. परीक्षा कुल 200 अंकों का होगा, जिसमें 100 प्रश्न होंगे। कुल प्रश्नों में से 50 प्रश्न संबंधित विषय के होंगे, 20 प्रश्न विषय–विशिष्ट पेडागॉजी से संबंधित होंगे तथा 30 प्रश्न General Aptitude & Awareness से संबंधित होंगे। प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक देय होंगे एवं प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की कटौती की जाएगी। बिना उत्तर दिये गये प्रश्नों पर कोई अंक नहीं काटा जायेगा।
9. एक अनुशिक्षक (Tutor) को उनके चयनित प्रखण्ड के एक से अधिक विद्यालयों में आवश्यकतानुसार टैगिंग कर घंटीवार शिक्षण कार्य हेतु संलग्न किया जा सकेगा। समान्यतः अनुशिक्षक (Tutor) का संलग्नीकरण एक से अधिक विद्यालय की परिस्थिति में नजदीकी विद्यालय में किया जाएगा तथा एक ही दिन में एक से अधिक विद्यालय में कक्षा होने पर Conveyance Allowance देय होगा, जिसके दर के संबंध में प्रबंधन समिति द्वारा विचार किया जायेगा।
10. किसी ट्यूटर द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने की स्थिति में/ कार्य दक्षता में कमी/ प्रतिकूल आचरण या विद्यार्थियों के अधिगम क्षमता तथा विभाग द्वारा समय–समय पर दिये गये निर्देशों के अनुपालन अपेक्षाकृत नहीं पाये जाने की स्थिति में ट्यूटर को Empanelment List से उपायुक्त से अनुमोदन प्राप्त कर हटाया जा सकता है।
11. ऑनलाईन आवेदन प्रपत्र में सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के अंक पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति अपलोड करेंगे।
12. अभ्यर्थी Empanelment से पूर्व इस आशय का शपथ पत्र (Affidavit) देंगे कि कभी भी सेवा स्थायी करने/ विस्तारित करने/ किसी अन्य पद पर रखने हेतु कोई दावा प्रस्तुत नहीं करेंगे।
13. संपूर्ण प्रक्रिया में आंशिक संशोधन/निरस्त/स्थगित करने अथवा किसी विवाद के संबंध में अंतिम निर्णय उपायुक्त, पश्चिमी सिंहभूम के निदेशानुसार चयन समिति करेगी।
14. Empanelment List से अभ्यर्थियों को विद्यालय से संलग्न करने के उपरांत 07 दिनों के अन्दर संलग्न विद्यालय में योगदान देना अनिवार्य होगा। इस अवधि में योगदान न देने की स्थिति में एवं युक्तियुक्त कारण न रहने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी को Empanelment List से हटा दिया जाएगा।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

Chandan 05/07/25

जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त,
पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा।

# घंटी आधारित अनुशिक्षक (ट्यूटर) हेतु आवेदन का प्रारूप

विभागीय कार्य हेतु

आवेदित विषय एवं कक्षा का नाम :

स्वअभिप्रमाणित फोटो

1. आवेदिका/आवेदक का नाम :
(हिन्दी में)

(अंग्रेजी में)

2. पिता / पति का नाम :

3. जन्म तिथि : (क) लिंग (ख)वैवाहिक स्थिति–विवाहित/अविवाहितः

4. आयु दिनांक– 01.07.2025 की स्थिति में.................वर्ष................महिना..................... दिन

5. पता

| स्थानीय पताः | | | |
|---|---|---|---|
| मोह0/ग्राम | | | |
| डाकघर | | प्रखण्ड : | |
| जिला | | पिन | |

| स्थायी पताः | | | |
|---|---|---|---|
| मोह0/ग्राम | | | |
| डाकघर | | प्रखण्ड : | |
| जिला | | पिन | |

6. दूरभाष संख्या

7. शैक्षणिक योग्यता (मैट्रिक एवं इससे ऊपर):

| परीक्षा का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | विषय | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मैट्रिक | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| स्नातक (प्रतिष्ठा) | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | |
| शिक्षक प्रशिक्षण | | | | | | |

8. प्रशैक्षणिक / अन्य योग्यता :

| डिप्लोमा/डिग्री का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | पाठ्यक्रम अवधि | वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

09. कार्य अनुभव
(यदि हो तो विवरण दें)

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में मेरे द्वारा दिये गये सभी तथ्य मेरी जानकारी में सत्य है। किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा गलत सूचना पाये जाने पर मैं स्वंय दण्डात्मक एवं अनुशासनात्मक कार्रवाई की भागीदार रहूँगा/रहूँगी।

दिनांक : .................

आवेदिका/आवेदक का हस्ताक्षर

स्थान : .................